# युवा
## सारांश वचन पत्र 2023



### युवा रोजगार नीति

- युवाओं को रोजगार देने के लिए समग्र युवा रोजगार नीति बनायेंगे।
- समग्र युवा जॉब पोर्टल व रोजगार ब्यूरो बनायेंगे।
- रोजगार मेले और केम्पस सिलेक्शन हेतु राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित करेंगे।

### सरकारी भर्तियाँ

- मध्यप्रदेश सरकारी भर्ती कानून बनायेंगे।
- मध्यप्रदेश भर्ती आयोग का गठन करेंगे। भर्ती सम्बंधी समस्याओं को समाप्त करेंगे।
- 2 लाख से अधिक सरकार के रिक्त पदों की भर्तियों के लिए वार्षिक केलेण्डर जारी कर भर्ती करेंगे।
- ग्राम पंचायत स्तर के 1 लाख नवीन पद सृजित कर भर्ती करेंगे।
- भर्तियों का विकेन्द्रीकरण कर जिला एवं जनपद स्तर पर भर्ती करेंगे।
- सरकारी क्षेत्र में संविदा व आउटसोर्स के रुप में जुड़े युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेंगे।

खुशहाल युवा खुशहाल मध्यप्रदेश



### प्रतियोगी परीक्षा शुल्क एवं प्रक्रिया

- प्रतियोगी परीक्षाओं के शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देंगे।
- ऑफ लाईन परीक्षा आयोजित करेंगे एवं विशेष स्थिति में पारदर्शी एवं सुदृढ़ व्यवस्था से ऑनलाईन परीक्षा करेंगे।

### मध्यप्रदेश भर्ती जाँच आयोग

- मध्यप्रदेश की भर्तियों में नियम विरूद्ध अपात्रों की भर्ती, पेपर लीक, भाई भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार हुआ है, इसकी जाँच करायेंगे।
- 3 सदस्यीय जाँच आयोग गठित करेंगे। पटवारी भर्ती परीक्षा व अन्य घोटालों की नये सिरे से जाँच करायेंगे एवं दोषियों पर जेल दण्ड की कार्यवाही करेंगे।



### शिक्षित युवा, सक्षम युवा

- कांग्रेस उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए वचनवद्ध है।
- उच्च शिक्षा को शिक्षा सह-रोजगार केन्द्रित बनायेंगे।
- डिजिटल क्रांति को देखते हुए प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी संचालित करेंगे। ई-लर्निंग प्लेटफार्म विकसित करेंगे। युवाओं को निःशुल्क वाई-फाई, शैक्षणिक सुविधाएँ व सरलता से उच्च शिक्षा ऋण उपलब्ध करायेंगे।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा की तर्ज पर प्रोफेशनल एजूकेशन हब बनायेंगे।

### अपना व्यापार, अपना रोजगार

- युवाओं के लिए स्मार्ट युवा मार्ट एवं लघु स्मार्ट मार्ट विकसित करेंगे।
- ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव गांधी औद्योगिक पार्क स्थापित करायेंगे एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा केन्द्र स्थापित करायेंगे।
- किसान सुपर मार्केट एवं सेवा केन्द्र विकसित कर कृषक युवाओं का व्यापार प्रारंभ करायेंगे।

## औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन

- युवाओं को रोजगार के लिए म.प्र. को उद्योगों का हब बनायेंगे।
- म.प्र. की विश्वसनीय पहचान बनायेंगे एवं वास्तविक निवेश धरातल पर उतारेंगे।
- 5 लाख करोड़ के निवेश, 1 हजार नई औद्योगिक इकाईयाँ और 1 लाख MSME इकाईयाँ प्रारंभ कराने के लक्ष्य के साथ बढ़ेगें।
- बैंगलोर की तर्ज पर 4 आई.टी. पार्क विकसित करेंगे, इसके लिए 1 हजार करोड़ का प्रावधान करेंगे।
- प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को वेतन अनुदान की नीति पर चलेंगे।
- ड्राईविंग स्कूल, वर्दी मेरा अभिमान, गाईड प्रशिक्षण, पंचकर्म प्रशिक्षण आदि कौशल उन्नयन के प्रशिक्षण कार्यक्रम से रोजगार के अवसर निर्मित करेंगे।

## स्टार्टअप, उद्यमिता व स्व-रोजगार

- युवाओं को उद्योगपति बनाने के लिए नई स्टार्टअप नीति लागू करेंगे।
- 1 हजार करोड़ रुपये का स्टार्टअप कार्पस फंड स्थापित करेंगे।
- युवाओं को 25 लाख से 5 करोड़ रुपये तक के ऋण सरल प्रक्रिया से उपलब्ध करायेंगे, अन्य सुविधायें देंगे।
- 100 करोड़ रुपये का विशेष इंक्यूवेशन फंड निर्मित कर स्टार्टअप को सहयोग करेंगे।
- रानी दुर्गावती स्व-रोजगार योजना पुनः प्रारंभ करेंगे।
- युवाओं को छोटे-छोटे व्यवसाय के लिए 50 हजार रुपये तक का ऋण बिना ब्याज पर देंगे।
- 6 लाख तक की स्व-रोजगार परियोजनाओं पर 50 प्रतिशत ब्याज अनुदान देंगे।
- ऑनलाईन शॉपिंग की घर पहुँच सेवा से जुड़े युवाओं को वाहन ऋण रियायती ब्याज दर पर देंगे। सामाजिक सुरक्षा देंगे।

## युवा मान, सम्मान एवं स्वाभिमान

- नवीन युवा आयोग गठित करेंगे। नई युवा नीति बनायेंगे।
- युवा कल्याण कोष का गठन करेंगे। जिलों में युवा सदन बनायेंगे।
- युवाओं की लोकतंत्र, समाज सेवा तथा कला, साहित्य एवं रंगमंच में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।
- पदक लाओ-पद पाओ, पदक लाओ- करोड़पति बन जाओ, पदक जीतो-कार जीतो व पदक जीतो- छात्रवृत्ति पाओ योजनाएँ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रारंभ करेंगे।
- युवाओं को आर्थिक सहयोग-युवा स्वाभिमान को बनाये रखने के लिए बेरोजगारी की स्थिति में असुरक्षित भविष्य के कारण युवा कोई अप्रिय कदम न उठाये, इस हेतु पात्र शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अधिकतम 2 वर्ष तक 1500 से 3000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे।

बढ़ाइये हाथ फिर कमलनाथ



